Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ ए.सी.बी. मुख्यालय में बेजुबान पक्षियों हेतु लगाये परिन्डे

जयपुर, *20 अप्रैल* / भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी द्वारा आज मंगलवार को कोरोना काल में निरीह पक्षियों को गर्मी से राहत देने के लिए पीपुल्स फॉर एनीमल्स के सदस्यों के साथ कोविड–19 दिशा–निर्देशों की पालना करते हुये परिसर में छायादार वृक्षों व स्थानों पर पक्षियों के दाना एवं पानी हेतु परिन्डे लगाये एवं जलपात्र भी रखे गये एवं साथ ही पक्षी मित्र बनाकर पक्षियों की समुचित व्यवस्था हेतु संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी द्वारा ब्यूरो के उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने–अपने घरों की छतों व अपने घर के पास स्थित सामुदायिक पार्कों में भी पक्षियों के लिए क्षमतानुसार परिन्डे लगाने हेतु आह्वान किया गया।